## दिनाक 21.08.2021 को उपायुक्त, धन[illegible] ध्यक्षता में जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही :–

### माननीय सदस्यों की उपस्थिति :–

1. वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद।
2. उप विकास आयुक्त, धनबाद।
3. वन प्रमण्डल पदाधिकारी, धनबाद।
4. सिविल सर्जन, धनबाद।
5. जिला पंचायती राज पदाधिकारी, धनबाद।
6. जिला खनन पदाधिकारी, धनबाद।

अन्य पदाधिकारी

1. जिला योजना पदा0–सह–
   नोडल पदा0, DMFT, धनबाद।

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, धनबाद द्वारा बैठक की कार्य सूची से समिति को अवगत कराते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ किया गया। तदनुसार विन्दुवार समिति के समक्ष विचारार्थ रखा गया :–

1. धनबाद जिला -के शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय, धनबाद एवं सदर अस्पताल, धनबाद में अधिष्ठापित **PSA Oxygen Plant** एवं **Medical Gas Pipeline** के सुरक्षा के लिए शेड तथा निर्वाध विधुत आपर्ति के लिए **D.G. Generator** का **Installation** :–

COVID 19 संक्रमण को देखते हुए धनबाद जिला के शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय, धनबाद एवं सदर अस्पताल में DMFT, DRDO एवं HURL के माध्यम से PSA Oxygen Generation Plant एवं Medical Gas Pipeline का अधिष्ठापन किया जा रहा है। उक्त Plant के लिए शेड तथा Plant को निर्वाध विधुत आपर्ति हेतु D.G. Generator के Installation हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, धनबाद के द्वारा तकनीकी स्वीकृत प्राक्कलन उपलब्ध कराया गया है। जिस पर समिति का स्वीकृति अपेक्षित है, जो निम्नवत है :–

| क्र0 | योजना/कार्य का नाम | प्रा0 राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of "Generation Shed (250 KVA D.G. Set for P.S.A. Oxygen Generation Plant 1000 LPM) at Saheed Nirmal Mahto Medical College Hospital Dhanbad | 44,41,000.00 | DRDO से स्वीकृत Plant के लिये |
| 2 | Supplying & Installation 62.5 KVA D.G. Set in Sadar Hospital, Dhanbad | 10,73,250.00 | हर्ल द्वारा स्वीकृत Plant के लिये |
| 3 | Construction of Oxygen Plant building at Sadar Hospital, Dhanbad | 35,78,300.00 | DMF से स्वीकृत Plant के लिये |
| 4 | Supply 200 KVA D.G. Set for Oxygen Plant at Sadar Hospital, Dhanbad. | 24,69,100.00 | |
| 5 | Construction of Generation Shed for Oxygen Plant at Sadar Hospital. | 14,23,200.00 | |
| 6 | Construction of P.S.A. Oxygen Generation Plant building (1000 LPM) at S.N.M.M.C.H., Dhanbad | 40,56,700.00 | DMFT से स्वीकृत Plant के लिये |
| 7 | Construction of Shed and Generator Supply for Oxygen Generation Plant for Narula Udyog (India) Pvt. Ltd. At S.N.M.M.C.H, Dhanbad. | 44,41,000.00 | |
| 8 | Construction of "Generator Shed (325 KVA D.G. Set for Cath Lab Second Floor) at Saheed Nirmal Mahto Medical College Hospital, Dhanbad | 52,00,450.00 | DMFT से स्वीकृत |
| 9 | Construction of "Generator Shed (250 KVA D.G. Set for Cath Lab, First Floor) at Saheed Nirmal Mahto Medical College Hospital, Dhanbad | 44,41,000.00 | |
| 10 | Construction of "Generator Shed (250 KVA D.G. Set for Cath Lab Ground Floor) at Saheed Nirmal Mahto Medical College Hospital, Dhanbad | 44,41,000.00 | |
| | Total (Three crore fifty four lacs sixty five) Only | 3,54,65,000.00 | |

निर्णय :– सम्यक विचारोपरांत में COVID-19 संक्रमण के 3rd wave की सम्भावना को देखते हुए कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, धनबाद द्वारा उपलब्ध कराये गये प्राक्कलन के आलोक में उपरोक्त योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के प्रबंधकीय समिति के द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया।

2. धनबाद नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत गया पुल की चौड़ीकरण हेतु अंडर पास (रेलवे अंडर ब्रिज) के कार्यान्वयन हेतु **Feasibility Study Report (FSR) & Detailed Project Report (DPR)** के एवज में ***RITES Limited*** को **Consultancy fee** का भुगतान का प्रस्ताव :–

धनबाद नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत गया पुल की चौड़ीकरण हेतु अंडर पास (रेलवे अंडर ब्रीज), जो न्यास परिषद की बैठक दिनांक 13.02.2020 को स्वीकृत है, के कार्यान्वयन हेतु *RITES Limited* को Feasibility Study Report (FSR) & Detailed Project Report (DPR) हेतु Consultancy fee का भुगतान किया जाना है। इसके लिए तत्काल Feasibility Study Report (FSR) के भुगतान के लिए 25.00 (पच्चीस) लाख का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है तथा Detailed Project Report (DPR) के लिए Feasibility Study Report (FSR) का कार्य के बाद का उपलब्ध करायेंगे

Feasibility Study Report (FSR) के लिए प्राप्त प्रस्ताव मो0 25.00 (पच्चीस) लाख, जो अनुमान्य कर छोड़कर है, पर तत्काल मो0 25.00 (पच्चीस) लाख भुगतान का प्रस्ताव रखा गया ।

निर्णय :– दिनांक 13.02.2020 को न्यास परिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया है। जिसका कार्यान्वयन कराना जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद दायित्व है तथा यातायात की समस्याओं को देखते हुए तत्काल इसका कार्यान्वयन कराया जाना आवश्यक है। उक्त परिपेक्ष्य में सम्यक विचारोपरांत मो0 25.00 (पच्चीस) लाख राशि भुगतान हेतु जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के प्रबंधकीय समिति के द्वारा स्वीकृति प्रदान किया गया। संबंधित एजेन्सी को राशि विमुक्ति हेतु कार्यालय अपने स्तर से अपेक्षित कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

अंत में बैठक की कार्यवाही धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त किया गया।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21.8.2021<br>जिला खनन पदा0<br>धनवाद | 21/8/21<br>जिला पंचायती राज पदा0 धनबाद | 21/8/21<br>सिविल सर्जन, धनबाद | 21-08-21<br>जिला योजना पदा0–सह–नोडल पदा0 DMFT धनबाद |
| वन प्रमण्डल पदा0, धनबाद | 21/8/21<br>उप विकास आयुक्त, धनवाद | 21/8/21<br>वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद | 21/8/21<br>उपायुक्त,धनबाद। |

ज्ञापांक 318 /DMFT धनबाद, दिनांक 21-8-2021

प्रतिलिपि :–जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट के प्रबंधकीय समिति के सभी पदाधिकारियों/सभी संबंधितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21/8/21
उपायुक्त,धनबाद।